मोटो जीपी : 400 मार्शल संभालेंगे ट्रैक की कमान

तीन हजार सुरक्षा गार्ड और 400 पुलिसकर्मी भी रहेंगे तैनात

संदीप वर्मा

ग्रेटर नोएडा। 5.5 किमी के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक पर मोटो ग्रांड प्रिक्स रेस की कमान 400 मार्शल संभालेंगे। ट्रैक पर हैरतअंगेज रफ्तार से सुपर बाइकों को दौड़ा रहे रेसर कहीं रास्ता भटककर डिसक्वालीफाई नहीं हो जाएं, इसलिए यह मार्शल ट्रैक पर तैनात रहकर रेस को व्यवस्थित करेंगे। वॉकी-टॉकी और अन्य उपकरणों से लैस यह मार्शल किसी भी घटना-दुर्घटना की सूचना भी आकस्मिक टीम को देते हुए राइडर्स का खयाल रखेंगे।

शहर के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर 22 सितंबर से 24 सितंबर के मध्य मोटो जीपी का अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया जा रहा है। मोटो जीपी के दौरान पांच हजार विदेशियों समेत 1.10 लाख दर्शकों, वीवीआईपी मेहमानों और खिलाड़ियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तीन हजार पुलिसकर्मियों, पुलिस अधिकारियों व अन्य सुरक्षा कर्मियों पर रहेगी। मोटो जीपी रेस के दौरान दिल्ली की सीमा से लेकर स्पोर्ट्स सिटी तक चप्पे-चप्पे पर कमिश्नरेट की सुरक्षा व्यवस्था होगी।

बुद्ध सर्किट के अंदर तीन चक्र में सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था की गई है। सबसे बाहरी चक्र में कमिश्नरेट पुलिस के जवान और सामान्य सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे। दूसरे चक्र में अलग-अलग पुलिस की टुकड़ियां प्रत्येक गेट और दर्शक दीर्घा पर तैनात रहेंगी। सबसे अंदरूनी चक्र में सर्किट पर विशेष सुरक्षा बल और निजी सुरक्षाकर्मी सर्किट और खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बुद्ध सर्किट में वीवीआईपी, वीआईपी के लिए उनके खास सुरक्षा बलों के अलावा पवेलियन के चारों ओर विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी।

सांकेतिक

ट्रैक पर आज उतरेंगी 60 करोड़ की सुपर बाइकें

14 सितंबर को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी की 60 करोड़ या अधिक कीमत की बाइकें उतरेंगी। अभी हाल ही में यूरोप के सैन मरीनो देश में हुई मोटो जीपी के बाद यह बाइकें और खिलाड़ियों के सूट, हेलमेट और अन्य सामान भारत में भेजा जा रहा है। बृहस्पतिवार को यह बुद्ध सर्किट पर पहुंचेगा। इन सुपर बाइकों को देखने का क्रेज लाखों किशोरों और युवाओं को है।

निगरानी के लिए लगाए गए 600 सीसीटीवी

बुद्ध सर्किट पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 600 सीसीटीवी लगाए गए हैं। बुद्ध सर्किट के 16 गेटों पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। साथ ही भारी तादाद में तैनात पुलिसकर्मी किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।

छह स्थानों पर हेलीकॉप्टर उतारने की व्यवस्था

मोटो जीपी रेस के फाइनल के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। रेस में प्रस्तुति देने के लिए देश-विदेश से कई नामचीन हस्तियां और बॉलीवुड-हॉलीवुड फिल्मी कलाकारों के आने की संभावना है। वीवीआईपी को उतारने के लिए बुद्ध सर्किट से कुछ दूर पर 4 स्थानों पर हेलीकॉप्टर या चॉपर उतारने की व्यवस्था की गई है। इनमें बुद्ध सर्किट पर ही दो स्थानों पर चॉपर उतारने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा जीबीयू, जेपी क्रिकेट स्टेडियम और एक्सपो मार्ट में वीवीआईपी के हैलीपैड की व्यवस्था की गई है।

ट्रैफिक प्लान तैयार, मालवाहक वाहनों पर पाबंदी

नोएडा। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी बाइक रेस व ग्रेनो के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार हो गया है। 21 से 25 सितंबर के बीच नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर सभी तरह के व्यावसायिक वाहनों को रोका जाएगा। सिर्फ आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। इस दौरान दिल्ली से डीएनडी, चिल्ला, कालिंदीकुंज से भी नोएडा में भारी वाहनों को एंट्री नहीं मिलेगी। एंबुलेंस दिल्ली तक निकालने के लिए एक ग्रीन कॉरीडोर भी बनेगा। वैकल्पिक रास्ते का चयन भी किया गया है। ट्रैफिक पुलिस एंबुलेंस स्पेशल हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगी। बुधवार को ग्रेनो में पुलिस के आलाधिकारियों व सेक्टर-14ए में एसीपी सौरभ श्रीवास्तव ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व रोडवेज के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। ब्यूरो

तैयारियों का निरीक्षण करेंगे मुख्य सचिव-डीजीपी



बीआईसी में मोटो जीपी के लिए तैयार ट्रैक। स्रोत आयोजक

ग्रेटर नोएडा। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने जा रही मोटो जीपी की तैयारियों का जायजा बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक विजय कुमार करेंगे। दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच मुख्य सचिव और डीजीपी बीआईसी पहुंचेंगे। इस दौरान वह सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। दोनों अधिकारी एक्सपो मार्ट में होने जा रहे उत्तर प्रदेश ट्रेड शो का भी जायजा लेंगे। जहां दोनों अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। बैठक में व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर उचित दिशा-निर्देश देंगे। ब्यूरो